पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

भीम ,। हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत स्थानीय संवाददाता हीरालाल भाट के जन्मदिवस पर सघन वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान उप जिला कलेक्टर विकास कुमार शर्मा, तहसीलदार पन्नासिंह, नगरपालिका अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार छाबा, विकास अधिकारी कृष्ण मुरारी छालिया, भीम पटवारी गजानंद, नगर पालिका कनिष्ठ अभियंता शैलेंद्र आजाद आदि अधिकारियों की मौजूदगी में धर्मेशपुरी श्मशान घाट सार्वजनिक भूमि पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। वृक्षारोपण के दौरान सागवान, अनार , अमरुद, इमली, नीम, पीपल, शीशम, शिवबाबुल, कचनार, करंज, गुलमोहर, जामुन,गूलर, प्लेटाफार्मा, आदि के पौधे लगाकर अखिल भारतीय युवा राष्ट्रीय महासचिव हीरालाल गोरमात, बसंत कंवर गजेंद्र सिंह चौहान किशन सिंह डांसरिया हेमलता चौहान गीत देवी कंचन देवी इंदिरा देवी रेखा देवी आदि ने पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी ली।

पंद्रह दिवसीय सिलाई एवं कौशल विकास प्रशिक्षण का समापन

- नवाचार के साथ परिवर्तन की राह पर नहीं चले तो हम पिछड जायेंगे
- सनातनी परिप्रेक्ष्य में नई शिक्षा नीति की जरुरत महसूस हुई
- प्रतिभागियों में सलूम्बर-उदयपुर की 30 महिलाएं हुई शामिल

उदयपुर, । महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने कहा कि देश बदल रहा है, ऐसे में नीतियों और हमारी सोच को भी बदलने का वक्त है। नवाचार की जरूरत महसूस की जा रही है, पुराने ढ र्रे पर चलने का वक्त जा चुका है। यदि हमने इस सत्य को आत्मसात नहीं किया तो हमारी हालत भी अवधिपार नामचीन फोन और कैमरा कम्पनियों की मानिंद हो जाएगी जो नवाचार से दूरी बनाने के कारण चलन से ही बाहर हो गए।

डॉ. कर्नाटक बुधवार को यहां प्रसार शिक्षा निदेशालय सभागार में आयोजित 15 दिवसीय सिलाई एवं कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। निदेशालय एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद - राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो की ओर से अनुसूचित जाति उपयोजना अन्तर्गत जीविकोपार्जन के ध्येय से आयोजित इस प्रशिक्षण में उदयपुर एवं सलूम्बर जिलों के दूरदराज गांवों की 30 महिलाओं ने भाग लिया। प्रतिभागी महिलाओं को प्रमाण-पत्र व अत्याधुनिक विद्युत चलित सिलाई मशीन सहित अन्य साज-सामान का किट नि:शुल्क प्रदान किया गया ताकि वे अपने गांव जाकर स्वरोजगार की दिशा में कदम रख सके।

डॉ. कर्नाटक ने कहा कि अब तक हम लॉर्ड मैकाले की शिक्षा पद्धित का अनुसरण करते आ रहे थे जो हमारे देश की पद्धित नहीं थी। वर्ष 1835 में बनी मैकाले शिक्षा पद्धित नि:संदेह समय के उस दौर में सार्थक रही है, लेकिन भारतीय सनातनी परम्परा के परिप्रेक्ष्य में नई शिक्षा नीति की जरूरत महसूस की गई। इस क्रम में अगस्त 2020 में नई शिक्षा नीति का अवतरण हुआ। इस नई शिक्षा नीति में शिक्षा, शोध, प्रसार के साथ-साथ कौशल विकास को भी समाहित किया है। इस नई शिक्षा नीति से 2035 तक यानी 15 वर्ष में देश भर में परिवर्तन दृष्टिगोचर होगा। उन्होंने प्रतिभागी महिलाओं का आ ान किया कि प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान थे व्यर्थ न गवाएं, अधिकाधिक महिलाओं को लाभ दें। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. एन.जी. पाटील निदेशक आईसीएआर-एनबीएसएस, नागपुर महाराष्ट्र ने एमपीयूएटी में महज 11 फीसदी स्टॉफ के बावजूद 57 पेटेन्ट हासिल करने को अपूर्व उपलब्धि बताया। उन्होने महिलाओं से कहा कि सिलाई कौशल का पहला प्रयोग अपने बच्चों व परिवार के लिए करें। महिला सशक्त होगी तो परिवार और देश भी सशक्त होगा। प्रशिक्षण का मकसद भी यही है कि महिलाएं आर्थिक उन्नित कर आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम में आईसीएआर-एनबीएसएस, उदयपुर इकाई प्रभारी डॉ. बी.एल. मीणा, सीनियर साइंटिस्ट एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. आर.एस. मीणा ने कहा कि छोटी-छोटी जोत वाले कृषक परिवारों से जुडी महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण ही नहीं बल्कि मशीन में आने वाली छोटी-छोटी खराबियों व उन्हें दुरूस्त करने का प्रशिक्षण भी दिया गया। आरम्भ में स्वागत उद्बोधन देते हुए प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ. आर.एल. सोनी ने कहा कि सिलाई आज की नहीं, पुरातन विधा है। जबसे मनुष्य ने वस्त्र पहनना शुरू किया। समय के साथ-साथ पहनावे में बदलाव आते रहे। उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए निदेशालय 35 तरह के प्रशिक्षण आयोजित करता है। महिलाएं अपनी कल्पना को उड़ान देने में पीछे नहीं रहे।

बनाए झबला, बैग, कशीदाकारी भी सीखी

पंद्रह दिवसीय इस प्रशिक्षण में महिलाओं ने रूमाल, कुर्ती, पेटीकोट, घाघरा, छोटे बच्चों का झबला आदि की कटिंग व सिलाई सीखी। मास्टर ट्रेनर डॉ. छवि, डॉ. लतिका व्यास ने बैग सिलाई व सुंदर कशीदाकारी भी सिखाई। इस मौके पर प्रशिक्षणार्थी राधा मेघवाल, शारदा खटीक, कोमल मेघवाल आदि ने अनुभव भी सझा किए। कार्यक्रम में छात्र कल्याण अधिकारी डॉ. मनोज कुमार महला, रश्मि दूबे, डॉ. आदर्श शर्मा व एनबीएसएस थे अधिकारियों ने भी विचार रखे।

ग्रामीणों ने किया कलेक्ट्री पर प्रदर्शन

- ग्रामीणों की आजीविका पर संकट

उदयपुर, । उदयपुर की उमरडा ग्राम पंचायत के सैकडों ग्रामीणों ने बुधवार को जिला कलेक्ट्री के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रस्तावित रेलवे यार्ड निर्माण के लिए की जा रही भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को तत्काल रोकने की मांग की।

ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा कि अधिग्रहण प्रक्रिया से अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के लगभग 200 परिवारों की आजीविका संकट में आ जाएगी।ग्रामीणों के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा उमरडा गांव की लगभग 137401 हेक्टेयर भूमि को स्वच्छता सुविधा एवं विकास कार्यो के नाम पर अधिग्रहित किया जा रहा है, जिसमें अधिकांश भूमि आबादी क्षेत्र व खातेदार किसानों की है।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि बिना स्थानीय जनसुनवाई और वैकल्पिक मार्ग तलाशे अधिग्रहण की यह प्रक्रिया ग्रामीणों के जीवन,रोजगार और भविष्य को खतरे में डाल रही है। ग्रामीण प्रभुलाल प्रजापत ने कहा कि यह क्षेत्र पहले से ही परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा उमरडा ग्रोथ सेंटर यूरेनियम जोन के रूप में अधिसूचित है जहां कई विकास परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। ऐसे में इस भूमि का अधिग्रहण ग्रामीणों के सामाजिक और आर्थिक अधिकारों का हनन है।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने यह भी बताया कि क्षेत्र की अधिकांश जमीन अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदायों की पुश्तैनी खातेदारी भूमि है जिसे अधिग्रहित कर देना संविधान की भावना और सामाजिक न्याय के विरुद्ध है।

ग्रामीणों ने मांग की कि रेलवे यार्ड के लिए आसपास की सरकारी अकृषि भूमि जैसे उमरडा रेलवे स्टेशन के दक्षिण पश्चिम दिशा में स्थित खाली भूमि या खारव रेलवे स्टेशन के पास की जमीन को अधिग्रहण के लिए चुना जाए। ये भूमि यार्ड निर्माण के लिए उपयुक्त हैं और इससे किसी की आजीविका प्रभावित नहीं होगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द ही सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो वे संघर्ष को और तेज करेंगे।

शहीद लेफ्टिनेंट अभिनव नागोरी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित

उदयपुर , । शहीद लेफ्टिनेंट अभिनव नागोरी की जयंती के अवसर पर बुधवार को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने सुखेर स्थित उनके निवास पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। शर्मा ने शहीद अभिनव नागोरी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी माता सुशीला नागोरी एवं पिता धर्मचंद नागोरी को श्रीफल, सूत से बनी तिरंगी माला एवं तिरंगा उपरना, शॉल भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि शहीद अभिनव नागोरी ने अपने अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम से देश की सेवा में सर्वोच्च बलिदान दिया।

कार्यक्रम में कांग्रेस के महासचिव सुभाष चित्तौडा, वरिष्ठ नेता पारस नागोरी, हिरालाल डांगी, आदित्य जैन एवं विरेंद्र जोशी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इससे पूर्व कांग्रेस मीडिया सेंटर में भी शहीद अभिनव नागोरी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

चिकित्सक, योग प्रशिक्षकों का सम्मान

उदयपुर , । आयुर्वेद विभाग बडगांव ब्लॉक के औषधालयों चिकित्सक, कम्पाउण्डर, नर्स परिचारक एवं योग प्रशिक्षकों का सम्मान समारोह एवं स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ।

नॉडल प्रभारी एवं आयोजक डॉ. विष्णु बंशिवाल ने बताया कि गत एक वर्ष के अंदर एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 पर बडगांव ब्लॉक के समस्त कर्मचारियों ने बहुत ही अच्छा एवं सराहनीय कार्य किया इसके लिए आयुर्वेद विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. महेश गुप्ता, उपनिदेशक डॉ. राजीव भट्ट, डॉ. शोभा लाल औदित्य एवं आयुर्वेद के भामाशाह डॉ. जगदीश बिश्नोई, डॉ. जगदीश नकेला का सम्मान किया गया।

मंच संचालन डॉ. विष्णु बंसीवाल नोडल प्रभारी एवं डॉ. ज्योति सिंह देवल, डॉ. ललित सिंह , डॉ. राकेश सोलंकी द्वारा किया गया। प्रेमलता अहीर , मोनल सेन द्वारा सहयोग किया । सभी बडगांव ब्लाक आयुर्वेद चिकित्सकों ने पूर्ण विश्वास दिलाया कि आगामी दिनों मे बडगांव ब्लॉक आयुर्वेद विभाग की सेवाओं को नया आयाम तक पहुंचाएगे एवं आयुर्वेद एवं योग को घर घर तक पहुंचाने की मुहिम शुरू की गई।

बिरला कॉर्पोरेशन का जून तिमाही का शुद्ध लाभ 264 प्रतिशत बढ़ा

चित्तौड़गढ । बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने जून तिमाही में 2,486 करोड़ रुपये का कंसोलिडेटेड राजस्व दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है, और 120 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हासिल किया, जो वर्ष-दर-वर्ष 264 प्रतिशत अधिक है।

पहली तिमाही के दौरान बिक्री में 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। कंपनी का कंसोलिडेटेड एबिटिडा पिछले वर्ष की इसी अवधि के 275 करोड़ रुपये से 38 प्रतिशत बढ़ कर 379 करोड़ रुपये हो गया। एबिटिडा में यह वृद्धि सीमेंट की बिक्री में सुधार, कम ऑपरेशनल लागत और जूट इंडस्ट्री में सुधार का परिणाम है। तिमाही के दौरान कंपनी की सीमेंट बिक्री मात्रा के हिसाब से 4.79 मिलियन टन रही, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 4.38 मिलियन टन थी। मध्य भारत में कंपनी के कुछ प्रमुख बाजारों में मानसून के समय से पहले आगमन और कीमतों में गिरावट के कारण सीमेंट की बिक्री प्रभावित हुई। कंपनी ने अपने विभिन्न ऑपरेशंस वाले क्षेत्रों में मिक्सड बाजार परिस्थितियों का अनुभव किया। पश्चिमी और पूर्वी बाजार अपेक्षाकृत तेजी से बढ़ , जबकि मध्य भारत में कीमतें और मांग धीमी रहीं। इसके अलावा, तिमाही के आखिर में मानसून के जल्दी आने से मांग में कमी आई और सभी क्षेत्रों में कीमतों पर दबाव पड़ा। संपूर्ण बिक्री मिक्स में जहां कंपनी को पश्चिम और पूर्व में कीमतों में सुधार का लाभ मिला, वहीं मध्य क्षेत्र में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में स्थितियां स्थिर रहीं। परिणामस्वरूप, तिमाही के लिए कुल प्राप्ति मामूली रूप से बढ़ कर 4,858 रुपये प्रति टन हो गई। सीमेंट डिवीजन ने जून तिमाही में 364 करोड़ रुपये का एबिटिडा दर्ज किया।

उदयपुर के कई क्षेत्रों में आज तीन घंटे बिजली कटौती

उदयपुर, । उदयपुर शहर के कई क्षेत्रों में गुरूवार को चार घंटे सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली कटौती रहेगी। शहर के सीसारमा जीएसएस से संबंधित क्षेत्र के क्षेत्र जिनमें एकलव्य कॉलोनी, हरिदासजी की मगरी, चांदपोल, ब्रह्मपोल, टीचर्स कॉलोनी अंबामाता, सज्जन नगर, मल्लातलाई, अहमद हुसैन कॉलोनी, पुलिस क्वार्टर अंबावाड़ी, हर्ष नगर, राताखेत, अमर नगर, छोटा हवाला, बड़ा हवाला, शिल्पग्राम में तीन घंटे सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक विद्युत रख-रखाव के चलते बिजली बंद रहेगी।

सूफी संत हज़रत दीवाना शाह का 84वां उर्स 1 से 3 अगस्त तक

- उर्स व्यवस्थाओं का प्रशासनिक अधिकारियो ने दरगाह परिसर का जायजा लिया

कपासन । प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. के 84वें तीन दिवसीय उर्स की व्यवस्था का प्रशासनिक अधिकारियो ने दरगाह परिसर का लिया जायजा। दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मो. अब्बास अशरफी के अनुसार 01 अगस्त से 03 अगस्त तक होने वाले उर्स का बुधवार दिन मे डी.वाई.एस.पी. हरजी लाल यादव, तहसीलदार नासीर बेग मिर्जा, सीआई. रतन सिंह, कस्बा इंचार्ज एएसआई. शंकर लाल, हेड कांस्टेबल महेन्द्र, बीट कांस्टेबल जीतू गुजर, नगरपालिका उपाध्यक्ष सैयद एजाज अली ने दरगाह परिसर मे मेला ग्राउंड, आस्ताना ए आलिया, अहमद कबीर मंजील, औलिया मस्जिद, महबूब पार्क एवं पूरी दरगाह परिसर का निरिक्षण कर कमेटी पदाधिकारी एवं सदस्यो को सुरक्षा हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर नगरपालिका स्वास्थ्य निरिक्षक रेखा देवी, जमादार विजयकोदली एवं कई पुलिसकर्मियो के साथ दरगाह वक्फ कमेटी के नायब सदर मो. यासीन खाँ अशरफी, खजांची अब्दुल वाहिद अंसारी, कमेटी सदस्य अशफाक हुसैन तुर्किया, सैयद अख्तर अली बुखारी, हाजी अर्ब्दुरहमान मंसूरी, हाजी जेनुद्दीन, मंसूर अहमद ओठवाल, हाजी शरीफ मेवाती, हाजी शब्बीर पुंवार आदि उपस्थित थे।

कोटड़ा में राज्यपाल ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया पौधारोपण

- जनजातीय समाज की प्रकृति से आत्मीयता को बताया प्रेरणा स्रोत

उदयपुर, । कोटड़ा प्रवास के दौरान राज्यपाल हरिभाऊ बागडे॰ ने बुधवार देर शाम पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस कोटड़ा में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मातृभूमि और प्रकृति दोनों का सम्मान हमारी संस्कृति का हिस्सा है, और एक पेड़ माँ के नाम अभियान इसी भावना को जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है।

राज्यपाल ने जनजातीय समाज की जीवनशैली और प्रकृति से गहरे जुड़ाव का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि 'आदिवासी समाज सदा से ही प्रकृति को माँ के रूप में पूजता आया है। उनके रीति-रिवाज, पर्व-त्योहार, जीवन मूल्य सब कुछ पर्यावरण के संरक्षण और सम्मान से जुड़े हुए हैं। आज हम सबके लिए यह सीखने का समय है कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर कैसे जिया जाए।' उन्होंने आमजन से अपील की कि वे भी अपनी माता की स्मृति या सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका पालन-पोषण भी करें। उन्होंने कहा कि हर पौधा एक आशीर्वाद है, और जब वह माँ के नाम से जुड़ता है तो उसका महत्व और भी बढ़ जाता है। इस अवसर पर जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी, जिला कलक्टर नमित मेहता, एसपी योगेश गोयल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

राज्यपाल बागड़े जनजाति क्षत्रीय विकास विभाग मंत्री बाबूलाल खराड़ी के घर भी गए। उन्होंने खराड़ी के परिजनों से आत्मीयता से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि राजस्थान के राज्यपाल के रूप में 1 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर वे जनजाति बंधुओं के बीच जाकर उनसे वार्तालाप करना चाहते थे। टीएडी मंत्री खराड़ी ने कोटडा बुला यह अवसर प्रदान किया इसके लिए आभार व्यक्त करता हूं।

कोटड़ा के दो दिवसीय प्रवास के तहत राज्यपाल बागड़े गुरूवार सुबह 8.50 बजे एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय खेल मैदान में आयोजित लाभार्थी संवाद कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। साथ ही जिला प्रशासन की ओर से आयोजित चिकित्सा शिविर का अवलोकन करेंगे। इसके पश्चात् राज्यपाल विवेकानंद मॉडल स्कूल के बालिका छात्रावास का निरीक्षण कर छात्राओं से संवाद करेंगे। बागड़े सुबह 10.30 बजे सड़क मार्ग से प्रस्थान कर 12.15 बजे उदयपुर स्थित सुखाड़िया विश्वविद्यालय गेस्ट हाउस आएंगे। दोपहर 2.15 बजे बागड़े सुखाड़िया विवि की ओर से आयोजित व्याख्यानमाला कार्यक्रम में भाग लेंगे। अपराह्न 3.25 बजे विश्वविद्यालय से प्रस्थान कर 3.50 बजे शिल्पग्राम पहुंच कर अवलोकन करेंगे। शाम 4.20 बजे शिल्पग्राम से प्रस्थान कर 4.55 बजे डबोक एयरपोर्ट पहुंचवहां से शाम 5 बजे राजकीय विमान से जयपुर प्रस्थान करेंगे।

वोकल फॉर लोकल वस्तुएं ही अपनाएं :विजयलक्ष्मी गलूंडिया

उदयपुर,। कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ;कैटद्ध की महिला शाखा कैट वूमेन विंग उदयपुर की ओर से बुधवार को 12वीं बिजनेस विजटि का आयोजन जैन टेक्सटाइल पर किया गया। इस अवसर पर 5000 विद्यार्थियों को वोकल फॉर लोकल की शपथ दिलाने का संकल्प लिया गया जो अगस्त माह में शहर के विभिन्न स्कूल व कॉलेजों में आयोजित किया जाएगा।

कैट वूमेन विंग उदयपुर की अध्यक्ष एवं मेवाड रीजन इंचार्ज विजयलक्ष्मी गलूंडिया ने बताया कि इस विजटि में जैन टेक्सटाइल की डायरेक्टर जया जेतावत के मार्गदर्शन में मेंबर्स को डेकोरेशन से जुडे उत्पादों की संपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही यह बताया गया कि किस प्रकार होलसेल एवं रिटेल व्यवसाय में ग्राहकों को लाभ पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि उदयपुर की अधिक से अधिक महिला उद्यमियों को कैट से जोडा जाएगाए जिससे उनके व्यापार को नई दिशा और ऊंचाई मिल सके। कैट वूमेन विंग की सेक्रेटरी डा. सोनू जैन ने बताया कि वोकल फॉर लोकल की ब्रांड एंबेसडर डॉ. सीमा सिंह भाटी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को स्वदेशी उत्पाद अपनाने, बढावा देने और गर्व से उपयोग करने की प्रेरणा दी जाएगी। यह पहल देश की आर्थिक समृद्धि के साथ स्थानीय व्यापार को भी बल प्रदान करेगी। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित हुई बिजनेस प्रतियोगिताओं में रेखा रानी जैनए रुचि चोरडिया अनीता भाणावत एवं प्रीति सोगानी विजेता रहीं। यह बिजनेस विजटि स्थानीय उत्पादों को बढावा देने, महिला सशक्तिकरण एवं स्वदेशी आंदोलन को जन जन तक पहुंचाने की दिशा में एक प्रेरणास्पद पहल साबित हुई।

सार-समाचार

एक शाम श्री सगजी बावजी के नाम भजन संध्या के पोस्टर का विमोचन

उदयपुर , । श्री श्री 1008 श्री भीमसिंह जी सगस जी बावजी के जन्मोत्सव पर शुक्रवार को गुरूरामदास कॉलोनी कुम्हारों का भटट्ा पर आयोजित 31वीं भव्य भजन संध्या के पोस्टर का विमोचन जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रमोद सामर, डॉ. रोहित कुमावत, बंशीलाल, रोशन, सुरेन्द्र, डॉ. ममता कुमावत ने किया। मंदिर पुजारी रामकिशन कुमावत ने बताया कि भजन संध्याॅ में शंकर टांक, नाडोल, विक्रम नकुम, तिलकेश सुथार , त्रिशा सुथार, पंकज राव, मोनू वैष्णव, उदयपुर भजनों की प्रस्तुतियाँ देंगे। मंच संचालन हरीश वैष्णव द्वारा किया जायेगा।

साक्षी सिंह को पीएचडी

उदयपुर, । गीतांजलि मेडिकल यूनिवर्सिटी, उदयपुर द्वारा डॉ. साक्षी सिंह को मेडिसिन संकाय में पीएचडी की उपाधि दी। डॉ. सिंह ने डॉ. संगीता गुप्ता, सीनियर प्रोफेसर फार्माकोलॉजी विभाग एवं डीन-गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के कुशल मार्गदर्शन में टाइप-2 डायबिटीज मेलिटस में आधुनिक चिकित्सा का उपयोग करने वाले रोगियों के बीच पूरक और वैकल्पिक चिकित्सा की भूमिका शीर्षक विषय पर अपना शोधकार्य संपन्न किया।

वसीम रजा बने संभाग अध्यक्ष

उदयपुर, । मुस्लिम महासभा की राष्ट्रीय प्रमुख फरहीन युनुस शेख, राष्ट्रीय अध्यक्ष ईमरान खान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एनडी कादरी, सचिव जाफर खान फौजदार, महमूद खान एवं प्रदेश अध्यक्ष रियाज शेख की अनुशंसा पर समर्पण और सेवाभाव को देखते हुए संगठन ने वसीम राजा, रायपुर को मुस्लिम महासभा के अजमेर संभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। वे अजमेर संभाग के अंतर्गत आने वाले भीलवाड़ा, अजमेर, ब्यार, केकड़ी, टोंक, नागौर व डीडीवाना-कुचामन में संगठनात्मक गतिविधियों का संचालन करेंगे और मुस्लिम महासभा की नीतियों को जमीनी स्तर पर पहुंचाएंगे।

बिरला कॉर्पोरेशन का जून तिमाही का शुद्ध लाभ 264 प्रतिशत बढ़ा

चित्तौड़गढ, । बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने जून तिमाही में 2,486 करोड़ रुपये का कंसोलिडेटेड राजस्व दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है, और 120 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हासिल किया, जो वर्ष-दर-वर्ष 264 प्रतिषत अधिक है। पहली तिमाही के दौरान बिक्री में 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। कंपनी का कंसोलिडेटेड एबिटिडा पिछले वर्ष की इसी अवधि के 275 करोड़ रुपये से 38 प्रतिशत बढ़कर 379 करोड़ रुपये हो गया। एबिटिडा में यह वृद्धि सीमेंट की बिक्री में सुधार, कम ऑपरेशनल लागत और जूट इंडस्ट्री में सुधार का परिणाम है। तिमाही के दौरान कंपनी की सीमेंट बिक्री मात्रा के हिसाब से 4.79 मिलियन टन रही, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 4.38 मिलियन टन थी।

भगवान श्री महाकालेश्वर की 13वीं कावड यात्रा 8 को

उदयपुर, । श्री महाकालेश्वर कावड यात्रा समिति द्वारा आज प्रथम पूज्य श्री बोहरागणेश जी महाराज को कावड यात्रा समिति के महिला संयोजक कुसुम शर्मा , अर्चना शर्मा, के नेतृत्व में पं. पंकज जोशी द्वारा पूजा अर्चना कर 8 अगस्त को निकाली जाने वाली कावड यात्रा की सफलता हेतु पीले चावल व पत्रक अर्पित कर कावड यात्रा में पधारने का न्यौता दिया गया । इस अवसर कावड यात्रा समिति की संगीता व्यास, चन्दा औदिच्य, मीना जोशी,सविता शर्मा, चित्रा मेनारिया, तुलसी नागदा,मनीषा मोड, मोनिका शर्मा, दिव्या जोशी, ओम जोशी व महेश चन्द्र नागदा सहित कई कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मंदिर में उपस्थित थे । इस अवसर महिला संयोजक कुसुम शर्मा एवं अर्चना शर्मा के नेतृत्व में मंदिर में न्योता देने के पश्चात् अच्छी वर्षा की कामना के साथ भजन कीर्तन किये एवं वहां उपस्थित भक्तगणों को कावड यात्रा में भाग लेने हेतु निमंत्रण दिया । कावड यात्रा समिति के पदाधिकारियों ने स्थानीय कॉलोनियों, श्री गणपति विहार, श्री विनायक नगर, शारदा नगर, जयश्री कॉलोनी, पायडा आदि क्षैत्रो में पीले चावल व पत्रक देकर कावड यात्रा में भाग लेने हेतु निवेदन किया ।

नेवल विंग एनसीसी कैडेट्स का नामांकन

उदयपुर, । 1 राज नेवल युनिट एनसीसी, उदयपुर द्वारा बीएन स्कूल में नेवल विंग के जुनियर डिवीजन के कैडेट्स की नामांकन प्रक्रिया आयोजित की गई। युनिट के कमान अधिकारी कमाण्डर शकील अहमद ने बताया कि युनिट की ओर से हर वर्ष विभिन्न संबंधित विद्यालय और महाविद्यालयों में एनसीसी कैडेट्स का नामांकन किया जाता हैं इस कडी में आज बीएन स्कूल में कुल 70 विद्यार्थियों ने नामाकंन प्रक्रिया में भाग लिया जिनमें से 50 छात्रों का चयन किया।

राज्य पुलिस जवाबदेही समिति के अध्यक्ष एचआर कुड़ी 31 से उदयपुर प्रवास पर

उदयपुर, । राजस्थान राज्य पुलिस जवाबदेही समिति के अध्यक्ष एच आर कुड़ी 31 जुलाई से उदयपुर जिले के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे जिला प्रशासन और पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक करेंगे। वहीं 1 अगस्त को जनसुनवाई भी करेंगे। जिला कलक्टर नमित मेहता ने बताया कि कुड़ी 31 जुलाई को शाम 5 बजे सिरोही से प्रस्थान कर रात्रि 8 बजे उदयपुर पहुंचेंगे। उनका रात्रि विश्राम सर्किट हाउस उदयपुर में रहेगा। अगले दिन 1 अगस्त को सुबह 11 बजे जिला मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधीक्षक के साथ राज्य स्तरीय पुलिस जवाबदेही समिति की कार्यप्रणाली एवं पुलिस के विरूद्ध प्राप्त शिकायतों के समाधान के संबंध में चर्चा करेंगे। श्री कुड़ी दोपहर 12 से 1 बजे तक सर्किट हाउस में जनसुनवाई करेंगे। इसके पश्चात 2 अगस्त को सुबह 10 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

चतुर्वेणी संगम एवं भव्य भजन संध्या

उदयपुर, । काली कल्याण गातोड जी धाम, श्री काली कल्याण गातोड सेवा संस्थान ट्रस्टएसर्व संप्रदाय संत समाज एवं सर्व समाज के तत्वावधान में आगामी 1 अगस्त को श्री श्री 1008 कल्लाजी राठौड के जन्मोत्सव के पर शुक्रवार को चतुर्वेणी संगम एवं विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। काली कल्याण गातोड जी धाम के महंत नारायण दास वैष्णव ने बताया कि चतुर्वेणी संगम में काली कल्याण गातोड जी,सांवरिया सेठ, श्री स्वामी चतुर्भुज हनुमान जी एवं बोहरा गणेश जी से प्रथम पूज्य भगवान श्री गणपति महाराज सहित चारों झांकियां का सायं 5.15 बजे बोहरा गणेश जी तिराहे पर मिलन होगा एवं महा आरती की जाएगी।

आरजीबी RGB **राजस्थान ग्रामीण बैंक**
(भारत सरकार, राजस्थान सरकार एवं भारतीय स्टेट बैंक का संयुक्त उपक्रम)

शाखा- केलवाडा, राजसमंद

परिषिष्ट 4, [नियम 8 (1)] कब्जे की सूचना (स्थावर सम्पत्ति के लिए)

अधोहस्ताक्षरी ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (दूसरा) एक्ट 2002 (एक्ट 2002 के नियम 3) के अधीन राजस्थान ग्रामीण बैंक की शाखा **केलवाडा, राजसमंद** का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्न ऋणी/जमानती को एक मांग पत्र उसमें उल्लेखित राशि जो नीचे दर्शायी गई है, उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिन के भीतर प्रतिदाय करने की "मांग करने" के लिये जारी किया था।

ऋणी/जमानती द्वारा रकम का भुगतान करने में असफल रहने पर ऋणी, उनके जमानतदार एवं जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित धारा 13(4) के अधीन प्रदत्त पंक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्न सम्पत्ति का कब्जा उल्लेखित दिनांक को ले लिया है।

ऋणी/जमानती को सावधान किया जाता है कि धारा 13(8) के प्रावधानों के संदर्भ में उपलब्ध समय में बंधक सम्पत्ति को मुक्त करवाने हेतु उनको निमंत्रण दिया जाता है। ऋणी व जमानतदार को विशिष्ट रूप से एवं जनसाधारण को सामान्य रूप से इसके द्वारा सावधान किया जाता है कि नीचे वर्णित सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई व्यवहार नहीं करें। इन सम्पत्ति के संबंध में किया गया कोई भी व्यवहार राजस्थान ग्रामीण बैंक की शाखा प्रभार के अधीन होगा।

ऋणी/जमानती का नाम	बंधक रखी गई सम्पत्ति का विवरण	मांग पत्र तिथि एवं राशि (रू.)	कब्जे की दिनांक एवं बकाया राशि (रू.)
ऋणी:- स्व. श्री भंवरलाल गर्ग पिता श्री मनरूप गर्ग के वैधानिक वारीस 1.श्रीमती हीरा देवी पत्नी स्व. श्री भंवरलाल गर्ग 2. श्रीमती एकता गर्ग पत्नी स्व. श्री कैलाश गर्ग पिता स्व. श्री भंवरलाल गर्ग 3 श्री लव गर्ग पिता स्व. श्री कैलाश गर्ग 4. श्री कल्पेश गर्ग पिता स्व. श्री भंवरलाल गर्ग 5.श्री विजय गर्ग पिता स्व. श्री भंवरलाल गर्ग 6. डिम्पल गर्ग पुत्री स्व. श्री भंवरलाल गर्ग एवं जमानती:-स्व. श्री वाग सिंह देवडा पिता श्री रतन सिंह देवडा वैधानिक वारीस 1. श्री रणजीत सिंह पिता श्री स्व. श्री वाग सिंह देवडा 2. श्री फतेह सिंह पिता स्व. श्री वाग सिंह देवडा	ऋणी:- स्व.श्री भंवरलाल गर्ग पिता श्री मनरूप गर्ग के नाम भूम